आइआइएम में प्रबंधन के गुर सीख रहे डाककर्मी

रांची. आइआइएम रांची में भारतीय डाक सेवा के अधिकारियों के लिए आवासीय उन्नत विकास कार्यक्रम शुरू हुआ. दो सप्ताह तक चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य डाक विभाग के कर्मियों को नेतृत्व, प्रबंधन, रणनीतिक निर्णय के लिए तैयार करना और उनके कौशल व क्षमता को विकसित करना है. आयोजन की शुरुआत निदेशक दीपक श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई. भारतीय डाक सेवा (आइपीओएस) के एडिशनल डायरेक्टर अंबेश उपमन्यु ने कहा कि डाक सेवा का काम सिविल सेवा के क्षेत्र में ग्रुप ए की श्रेणी में आता है. प्रशिक्षण कार्यक्रम के जरिये डाक विभाग से जुड़े 26 से 28 वर्षीय कर्मियों को काम के प्रति प्रेरित करना है. इससे कर्मी अपने क्षेत्र में बेहतर करियर की तलाश कर सकेंगे. प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत डाक प्रबंधन के सभी प्रमुख डोमेन यानी लेखांकन और वित्त, मार्केटिंग, ऑपरेशन, संगठनात्मक व्यवहार, ह्यूमन रिसोर्स और रणनीति की जानकारी दी गयी. प्रशिक्षण कार्यक्रम 10 फरवरी तक संचालित किया जायेगा.

Prabhat Khabar, 01.02.2023, Pg. 09